तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 4 जनवरी 2024

4 जिंदल आदर्श भारती में वार्षिकोत्सव तरंग का आयोजन





## खबर संक्षेप

### आईएएस कटारिया का आज सारंगढ़ में दौरा

**सारंगढ़।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव और जिले के विकसित भारत संकल्प यात्रा के केंद्रीय नोडल अधिकारी आईएएस अमित कटारिया वीबीएसवाय शिविर संचालन का निरीक्षण करने 4 जनवरी को आएंगे। श्री कटारिया अपने कर्तव्य पालन के अनोखे और करिश्माई व्यक्तित्व की छाप छत्तीसगढ़ वासियों के दिल में रखते हैं। वे विगत दशक में अविभाजित रायगढ़ और बस्तर जिला के पूर्व कलेक्टर, आयुक्त नगर निगम रायपुर, सीईओ नया रायपुर विकास प्राधिकरण एनआरडीए के पद पर कार्य कर चुके हैं।

### छत से गिरकर घायल मिस्त्री की मौत

**रायगढ़।** बीती रात एक युवक रिश्तेदार के छत से नीचे गिर गयाए जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की विवेचना शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जूटमिल थाना क्षेत्र के मिट्ठुमुड़ा निवासी सलीम खान पिता करीम खान 28 वर्ष मोटर मकैनिक काम करता था। जो सोमवार को नया साल बनाने के लिए अपने बहन के घर चक्रधनगर थाना क्षेत्र के सूर्याविहार कालोनी गया थाए जहां रात में छत में बैठकर पार्टी मनाए और रात करीब 9 बजे घर आने के लिए निकल रहा थाए इस दौरान उसने सिढी की तरफ न जाकर सामने की तरफ चला गयाए जिससे छत से नीचे गिर गया। उसके गिरने की आवाज सुनकर जब रिश्तेदार घर से बाहर निकल कर देखे तो वह अचेत पड़ा थाए जिसे आनन-फानन में उसे मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर चक्रधरनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है।

### चलती बाइक से गिरकर महिला की गई जान

**रायगढ़।** पति के साथ बाइक से मायके जा रही महिला अनियंत्रित होकर बीच सडक़ में गिर गई, जिससे गंभीर चोट लगने से उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार सरिया निवासी पकला चौहान पति उमेंद्र चौहान 35 वर्ष सोमवार शाम करीब 4 बजे अपने पति के साथ मायके त्रिभौना भतीजे की बर्थ.डे में शामिल होने के लिए जा रही थी। इस दौरान सरिया और परसरामपुर के बीच पहुंचे थे कि महिला बाइक से अनियंत्रित होकर पीछे की तरफ से गिर गई। जिसकी जानकारी होते ही उपेंद्र ने बाइक रोककर उसे उठायाए लेकिन सडक़ में गिरने के कारण उसके सिर व अन्य जगह गंभीर चोट आई थी। जिससे उसे आनन.फानन में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गएए लेकिन उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायगढ़ रेफर कर दिया। जिससे मेडिकल कालेज अस्पताल में उपचार के दौरान रात में ही मौत हो गई। मंगलवार को अस्पताल से भेजी गई तहरीर पर पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही मर्ग डायरी संबंधित थाना भेजने की तैयारी चल रही है।

### पत्नी के प्रेमी के घरवालों ने पहले पति पर फेंका गर्म पानी

**रायगढ़।** पत्नी ने पति का साथ छोड़कर जिस परिवार का दामन थामा है, उसी परिवार के लोगों ने उसे हाथ मुक्के से बेदम पिटाई करते हुए उसके ऊपर गर्म पानी उड़ेल दिया है। घटना तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत करमागढ़ गांव की है। पीड़ित ने मामले की शिकायत तमनार थाने में दर्ज कराई है। शिकायत पर पुलिस ने मारपीट करने वाले आरोपियों के विरुद्ध धारा 326, 294, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। मिली जानकारी के अनुसार करमागढ़ निवासी रोजी मजदूरी का काम करता है।

### 50 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य, अब तक केवल दो लाख टन की खरीदी

# दो माह में केवल 25 दिन ही हो सकी धान खरीदी, लक्ष्य से पिछड़ा जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला धान खरीदी के मामले में फिलहाल पिछड़ा हुआ है। कई कारणों की वजह से बीते करीब 64 दिनों में लगभग 25-26 दिन ही खरीदी हो सकी है। ऐसी स्थिति में 31 जनवरी तक लक्ष्य की पूर्ति कर पाने को लेकर संशय बना हुआ है। फिलहाल 41 फीसदी तक खरीदी हो सकी है। ऐसी स्थिति में अभी भी आधे से अधिक लक्ष्य बचा हुआ है।

गौरतलब है कि बीते 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो गई, किंतु जिले में 6 नवंबर को पहला टोकन कटा। नवंबर माह में विधानसभा चुनाव की वजह से ही करीब 18 से 20 दिनों तक खरीदी प्रभावित हुई। इसके बाद बारिश ने सप्ताह भर तक धान खरीदी पर ब्रेक लगाए रखा। इसमें मुख्य बात यह है कि विधानसभा से पहले राजनीतिक दलों द्वारा की गई घोषणाओ के कारण भी किसान खरीदी केन्द्र की ओर रूख करने से बचते नजर आए थे। धान खरीदी के पहले ही महीने में खरीदी का ग्राफ काफी कम रहा, जिसका असर अब भी देखने को मिल रहा है, हालांकि अब खरीदी का ग्राफ बढ़ा जरूर है। किंतु इसके बाद भी लक्ष्य काफी दूर है। अब धान खरीदी को दो माह बीत चुका है, किंतु अब भी जिले में 2 लाख 7 हजार 506 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो सकी है। जबकि भी 2 लाख 92 हजार 494 मीट्रिक टन धान की खरीदी होनी शेष है। ऐसे में इन 64 दिनों में महज 41 फीसदी ही खरीदी दर्ज की गई है।



**33 हजार किसानों ने बेचा धान**

जानकारी के अनुसार अब तक करीब 33 हजार 127 किसानों ने धान बेचा है। इसके बाद भी करीब आधे से अधिक किसानों ने अब तक धान नहीं बेचा है। समिति व किसानों की मानें तो लक्ष्य पूर्ति के लिए शासन द्वारा समयावधि में बढ़ोत्तरी करना होगा। तभी खरीदी का लक्ष्य पूरा हो सकेगा।

**अधिकतर केन्द्रों में हमालों की कमी**

धान खरीदी कम होने के साथ ही एक और समस्या से किसानों व समिति प्रबंधकों को दो चार होना पड़ रहा है। दरअसल जिले में अधिकतर खरीदी केन्द्रों में हमालों की कमी देखने को मिल रही है। इसकी वजह से केन्द्र में खरीदी कार्य के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# एक सप्ताह में 1450 संदेहियों की जांच, 39 मिले पॉजिटिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ कोरोना का नया वेरिएंट जेएन.1 जिले में पांव पसारने लगा है। बीते करीब एक सप्ताह में 1 हजार 450 संदेहियों की जांच की गई, जिनमें से 39 मरीजों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। इस वेरिएंट के विस्तार को देखते हुए शासन ने कोविड संबंधी गाइडलाइन का पालन करने को लेकर निर्देश जारी किया है। जानकारी के अनुसार बीते बुधवार से लेकर मंगलवार तक जिले में 1 हजार 450 संदेहियों की जांच की गई। पिछले सप्ताह एक दिन में औसतन 207 संदेहियों की जांच की गई। अहम बात यह है कि यह वेरिएंट से पहले के वेरिएंट से काफी कमजोर है, फिर भी शासन द्वारा ऐतिहात बरतते हुए कोविड गाइडलाइन का पालन करने को लेकर निर्देशित किया है। वहीं जिले में इस पर नजर बनाए रखने व पर्याप्त उपचार की व्यवस्था रखने को भी कहा है। बता दें कि कोविड जांच के लिए जिला अस्पताल व संजय मैदान स्थित शहरी स्वास्थ्य केन्द्र को सेंटर बनाया गया है। बीते करीब एक सप्ताह में 39 मरीजों की पुष्टि हुई, जिसमें से 4 स्वस्थ हो चुके हैं।



**सीएमएचओ ने दिए निर्देश**

बताया जा रहा है कि कोविड के संदेही मरीजों की एंटीजन किट से जांच करने के बाद पॉजिटिव आने पर आरटीपीसीआर से जांच करते हुए सैंपल को टेस्ट के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा जा रहा है। वहां से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर मरीजों का उपचार किया जा रहा है। इस पूरी प्रक्रिया के बारे में पहले ही सीएमएचओ ने बैठक के माध्यम से नोडल अधिकारी सहित अन्य कर्मचारियों को भी निर्देशित किया है।

**ठीक हो रहे मरीज**

जानकारी के अनुसार जिन मरीजों में कोविड के नए वेरिएंट के लक्षण दिख रहे हैं। उन्हें करीब 5 दिनों तक होम आईसोलेशन में रख कर इलाज किया जा रहा है। हालांकि इन मरीजों में कोई गंभीर लक्षण नजर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि मरीज संक्रमित होने के करीब एक सप्ताह के भीतर ही स्वस्थ हो रहे हैं।

# नाट्य समारोह के पहले दिन नाटक व्याकरण का मंचन

**रायगढ़।** इप्टा के पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह रंग अजय के प्रथम दिन मंगलवार कप जहां मध्यप्रदेश के अशोक नगर इप्टा से जुड़े सीमा राजोरिया व हरिओम राजोरिया को 13वां शरदचंद्र वैरागकर स्मृति रंगकर्मी सम्मान दिया गया, वहीं इप्टा रायगढ़ के नाटक व्याकरण का मंचन किया गया। इप्टा रायगढ़ द्वारा पोलिटेक्निक ऑडिटोरियम में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह के प्रथम दिन व्याकरण नाटक का मंचन किया गया स इस नाटक में गरीब आदिवासियों के विस्थापन के दंश को प्रस्तुत किया गया है कि किस तरह एक आंदोलन का व्याकरण होता है। किस तरह इस आंदोलन को ख़त्म करने का एक व्याकरण होता है। एक लड़ाई और इस में शामिल होने वाले लोग उसे सहयोग करने वाले लोग लड़ाई से लाभ लेने वाले लोगों का व्याकरण प्रस्तुत करते है। वनवासियों की जगह पर कब्जा करने के लिए कितने तरह के प्रपंच रखे जाते हैं, प्रशासन का भ्रष्टाचार, समाजसेवा का झूठा नकाबए देश की चिंता न करने वाला नागरिक, वनवासियों को वोट बैंक की तरह उपयोग करती सरकार के विषय को बहुत ही खूबसूरत तरीके से दर्शाया गया है स इस नाट्य प्रदर्शन में तीन प्रमुख विचार सामने लाने की कोशिश की गई है पहला सरकार क्या चाहती है। दूसरा बुद्धिजीवी वर्ग क्या चाहता है और तीसरा आदिवासी समुदाय क्या चाहता है। प्रेमानंद गज्वी द्वारा लिखित नाटक व्याकरण का निर्देशन श्याम देवकर ने किया है। वहीं नाटक में आलोक बेरिया, कुलदीप दास, प्रेरणा देवांगन, प्रियंका बेरिया, दीपक यादव, लोकेश्वर निषाद, योगेश सिंह चौहान, विश्वजीत साहू, अजय नामदेव, संदीप स्वर्णकार के अभिनय ने दर्शकों का मन मोह लिया। साउंड की भरत लाल निषाद तो स्टेज साज सज्जा की जिम्मेदारी बासु निषाद ने निभाई।



# टीएल बैठक में जरुरी सुविधाएं सुनिश्चित करने एसडीएम को दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ट्रक चालकों के देशव्यापी हड़ताल के मद्देनजर एलपीजी एवं पेट्रोलियम टैंकर के परिवहन में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। सभी एसडीएम पेट्रोलियमए एलपीजी वाहनों का सुचारू परिवहन सुनिश्चित करें, उक्त बातें आज कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि ट्रक चालकों के हड़ताल से आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए, इसके लिए पेट्रोल, डीजल, एलपीजी की सतत आपूर्ति बनाए रखने के लिए तत्काल काम शुरू करें। पेट्रोलियम टैंकर एवं एलपीजी वाहनों के परिवहन में बाधा उत्पन करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री गोयल ने समस्त एसडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि अनुविभागीय क्षेत्र से गुजरने वाले पेट्रोलियम वाहनों के रूट की जानकारी लेकर परिवहन सुनिश्चित करें, ताकि वाहन बिना बाधा के गंतव्य तक पहुंच सके। कलेक्टर श्री गोयल ने विकासखण्डवार राशन कार्ड ई.केवाईसी की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने खाद्य अधिकारी को शहरी क्षेत्रों में वार्डवार शिविर लगाकर राशन कार्डधारियों के ई केवाईसी का कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल के धान खरीदी के संबंध में जानकारी ली। इसी तरह अन्य अधिकारियों ने भी जानकारी दी गई।



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

# स्टेडियम में सामान भेजा था बिल अटका तो पहुंचे कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ स्टेडियम में सामग्री सप्लाई करने के बाद जब भुगतान नहीं हुआ तो सप्लायर कलेक्टर जनदर्शन में पहुंच गया। रायगढ़ स्टेडियम में आचार संहिता के पहले कुछ सामान क्रय किया गया था। पूर्व निगम आयुक्त संबित मिश्रा के कार्यकाल में मंजूरी लेकर क्रय करने फाइल चली थी। पूर्व कलेक्टर ने इसकी अनुमति दी थी। चावला फर्नीचर से करीब 1.10 लाख रुपए के फर्नीचर, विजन इंटरप्राइजेस से 60 हजार रुपए के कंप्यूटर, प्रिंटर व यूपीएसए शर्मा डिजिटल से कूलर और जनरल मोटर्स से मोटर पंप आदि क्रय किए गए थे। पूरी सामग्री मिलाकर करीब ढाई लाख का भुगतान किया जाना थाए लेकिन आचार संहिता में ही कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा का तबादला होने के बाद मामला अटक गया। सामान अब भी स्टेडियम में रखा हुआ है। ज्यादातर सामान का उपयोग किया जा रहा है। चारों सप्लायरों ने सामग्री के बिल लगाकर भुगतान मांगा तो फाइल ही अटक गई। मजबूर होकर विजन इंटरप्राइजेस के संचालक ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन दिया। उसने आवेदन में सप्लाई किए गए सामानों का भुगतान कराने की गुहार लगाई है। स्टेडियम समिति की ओर से खरीदी की गई थी, लेकिन अब मामला अटक गया है। कहा जा रहा है कि चुनाव के बाद भुगतान होना था लेकिन कलेक्टर बदल जाने से मामला अटक गया। अप्रैल और मई में स्वीकृति दी गई थी।




# महुआ शराब बनाने की अवैध फैक्ट्री पर छापा, एक गिरफ्तार

**रायगढ़।** साइबर सेल और कोतरारोड पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अवैध शराब पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की गई जिसमें अवैध महुआ शराब बनाने की होममेड फैक्ट्री पर छापेमार कार्रवाई कर मौके पर अवैध शराब का कारोबार करने वाले आरोपी टीकाराम पटेल निवासी कांटाहरदी को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक कुछ दिनों पूर्व पुलिस को ग्राम कांटाहरदी के टीकाराम पटेल के विरूद्ध मकान अंदर अवैध रूप से महुआ शराब बनाने और बिक्री की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर साइबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा द्वारा साइबर सेल एवं कोतरारोड़ पुलिस की संयुक्त टीम तैयार कर थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक विजय चेलक के नेतृत्व में टीम तैयार किए और ग्राम कांटाहरदी रवाना किया गया। पुलिस टीम मुखबीर के बताये स्थान पर पहुंची, दीवार को होलकर अंदर प्रवेश किया गया जहां टीकाराम पटेल एक अलग से रूम तैयार कर रूम में एक्जास्ट लगाकर महुआ शराब बनाने होममेड मशीनें लगाकर रखा हुआ था। पुलिस ने पूरे फैक्ट्री की तलाशी ली गई। जहां बड़े पैमाने पर जमीन अंदर ड्रम को गाड़ कर शराब तैयार करने महुआ पास को सड़ाया जा रहा था। पुलिस ने मौके से 120 लीटर महुआ शराब कीमत 12000 रुपए शराब बनाने का बर्तन मशीन, 26 बोरी महुआ पास कुल 1040 किलो, 7 कार्टुन में रखा 105 किलो गुड़ एक इलेक्ट्रानिक तराजू, एक छोटा तराजू और बाट को जब्त किया गया।

# बासनपाली को नगर पंचायत बनाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार के ग्राम पंचायत बासनपाली को नगर पंचायत बनाने के प्रस्ताव को लेकर विरोध के स्वर भी उठने लगे हैं। ऐसे में बासनपाली के कुछ लोगों ने कलेक्टर जनदर्शन में जाकर नगर पंचायत की सौगात के खिलाफ आपत्ति भी लगाई। जनदर्शन में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल को दिए आवेदन में ग्राम पंचायत बासनपाली के प्रहलाद सिदार, परमेश्वर सिदार, संतोष सिदार, तेजकुमार सिदार, पालू सिदार, पंचम सिदार का कहना है कि ग्राम पंचायत तमनार के साथ उनके गांव को मिलाकर नगर पंचायत बनाना प्रस्तावित है। इसके लिए अखबार में अधिसूचना का प्रकाशन भी किया जा चुका है। मगर वे ग्राम पंचायत में ही रहना चाहते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि तमनार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बासनपाली में अनुसूचित जाति वर्ग की बहुलता है। जिस पर जनजाति क्षेत्र के लोगों के हित के विरुद्ध बिना ग्रामसभा प्रस्ताव के नगर पंचायत गठन करना सही नहीं है। ग्राम पंचायत में विकास कार्य सुचारू रूप से चल रहा हैए जिससे ग्रामीण संतुष्ट भी हैं। ऐसे में वे अपने बासनपाली को किसी अन्य ग्राम पंचायत के साथ शामिल कर नगर पंचायत बनाने के पक्ष में नहीं हैं। ग्रामीणों का यह भी दावा है कि ग्राम पंचायत तमनार औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत आता हैए इसलिए धारा 5 सी नगरपालिका अधिनियम के अनुसार नगर पंचायत नहीं बनाया जा सकता है।



तमनार के ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट

### 94 करोड़ की लागत से बन रही 32 किमी सड़क की दुर्दशा

# धरमजयगढ़ कापू रोड का निर्माण दो साल बाद भी अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ से कापू रोड को दिसंबर 2022 से पहले पूरा हो जाना था लेकिन अब तक यह अधूरी ही पडी है। सड़क निर्माण के मामले में पिछले पांच साल बेहद खराब रहे हैं। जिन महत्वपूर्ण सड़कों को मंजूरी मिली वे अब तक अधूरी ही हैं।

कम लंबाई की सड़कें बनकर तैयार तो हुईं लेकिन अब वे उखडऩे लगी हैं। शहर के अंदर सीसी रोड भी उखड़ रही हैं। ऐसी एक सड़क है जिसे 22 महीने में पूरा हो जाना था लेकिन अब तक आधा ही काम हुआ है ।धरमजयगढ़ से मिरीगुड़ा, बंधनपुर होकर कापू तक 32.596 किमी रोड उन्नयन एवं पुनर्निमाण कार्य होना था। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह रोड बहुत जरूरी है। लोक निर्माण विभाग ने एडीबी प्रोजेक्ट के तहत इसका ठेका 94.79 करोड़ रुपए में एसकेएलएलपी और एसबीईपीएल के ज्वाइंट वेंचर कंपनी को दिया गया है।

कंपनी को 24 जुलाई 2020 को वर्क ऑर्डर दिया गया था और 22 महीने में काम पूरा करना था। वर्षाकाल को छोड़ दें तो भी काम दिसंबर 2022 तक हो जाना था, लेकिन यह रोड अब भी अधूरी है। अब भी रोड का काम आधा शेष है। उस पर घटिया निर्माण के कारण अभी से रोड उखडऩे लगी है। इस रोड की चौड़ाई सात मीटर रखी गई है। रोड में बड़े पुल 2, मध्यम पुल 9ए स्लैब कल्वर्ट 5 और पाइप पुल 79 बनाए जाने हैं।

जानकारी के मुताबिक ठेका कंपनी ने इसका काम पेटी में दूसरे ठेकेदार को दे दिया है। रायगढ़ में रोड प्रोजेक्ट के समय पर पूरा नहीं होने की सबसे बड़ी वजह पेटी ठेका है। एक ठेकेदार से दूसरे के पास काम पहुंच जाता है। कहीं.कहीं तो तीसरे ठेकेदार को काम मिला है। कमीशन निकालने के चक्कर में रोड की गुणवत्ता प्रभावित होती है। इस रोड में भी कई जगहों पर कांक्रीट में दरारें आ चुकी हैं। कहीं तो सरिया भी बाहर निकल गया है।




आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठकों के लिए
पाठक पुरस्कार योजना-2023
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# नहीं रहे ऑस्कर नॉमिनेटेड एक्टर टॉम विल्किंसन



**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर थॉमस जेफ्री विल्किंसन उर्फ टॉम विल्किंसन अब इन दुनिया में नहीं रहे। 75 साल की उम्र में एक्टर ने अपनी आखिरी सांस ली। टॉम विल्किंसन बाफ्ता और गोल्डन ग्लोब जैसे अवॉर्ड्स अपने नाम कर चुके हैं। टॉम विल्किंसन के निधन की खबर सामने आने के बाद हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक का माहौल है। उनके निधन की जानकारी उनके परिवार द्वारा जारी किए स्टेटमेंट के बाद सभी को मिली है। फैमिली के एजेंट के स्टेटमेंट में कहा गया है कि, बड़े दुख के साथ टॉम विल्किंसन का परिवार यह घोषणा कर रहा है कि 30 दिसंबर को घर पर उनका अचानक निधन हो गया। इस दौरान एक्टर की पत्नी और परिवार उनके साथ थे। हालांकि इस स्टेटमेंट में टॉम विल्किंसन के निधन का कारण नहीं बताया गया है। एक्टर के निधन की खबर ने सभी को बड़ा झटका दिया है।

हॉलीवुड स्टार्स दिग्गज एक्टर टॉम विल्किंसन के निधन पर सोशल मीडिया पर शोक जाहिर कर रहे हैं। डेड इन ए वीक से उनके को-स्टाक एन्यूरिन बरनार्ड ने ट्वीट करते हुए दुख जाहिर किया है। वह लिखते हैं कि टॉम विल्किंसन के निधन की खबर से उन्हें काफी दुख पहुंचा है। एक्टर ने आगे अपने पोस्ट में लिखा कि टॉम विल्किंसन के साथ काम करके और उन्हें जानते हुए काफी अच्छा वक्त गुजरा। हमारे शानदार लीजेंड्स में से एक, जिसे हम अलविदा कहते हैं।अभी के लिए अलविदा टॉम।

### टॉलीवुड

# लिट्टी चोखा से पहले दूध बेचता था ये भोजपुरी स्टार



**मुंबई।** खेसारी लाल यादव आज भले ही एक चमकते हुए सितारे हैं लेकिन जिंदगी में परेशानियां उन्होंने बहुत झेली हैं। आज के दौर में उनकी गिनती इंडस्ट्री के महंगे सितारों में होती है। एक शो पर उन्होंने बताया था कि एक्टिंग से पहले वो लिट्टी चोखा बेचते थे। लेकिन, क्या आपको पता है कि खेसारी इससे पहले क्या काम करते थे। कपिल शर्मा शो पर उन्होंने खुलासा किया था कि वो बचपन में लिट्टी चोखा बेचा करते थे।इस बात का जिक्र उन्होंने तब किया जब कपिल शर्मा ने शो के दौरान उनसे पूछ डाला कि क्या वो लिट्टी चोखा बेचते थे? इसपर जवाब देते हुए उन्होंने पहले हामी भरी फिर बताया कि उससे भी पहले वो दूध बेचने का काम करते थे। खेसारी यादव ने बताया कि जब वो छोटे थे तब भैंस का दूध बेचते थे। इसके साथ ही उन्होंने एक ऐसी बात बताई जो सुनकर सबके होश उड़ गए। उन्होंने कहा कि दूध में वो दो पाव पानी मिलाते थे, क्योंकि वो दूध के पैसे में से 10 रुपए चुरा लिया करते थे। कपिल ने जब उनसे पूछा कि वो पानी वाली दूध बेचते थे? तो उन्होंने कहा कि उस वक्त उनके लिए 10 रुपए की कीमत बहुत थी।10 का नोट लेकर वो भादो के मेले में जलेबी खाने जाया करते थे। शो पर खेसारी के साथ मौजूद निरहुआ भी थे। उन्होंने इस बात पर कहा कि दूध बेचने वाला इनका एक और किस्सा है जो बेहद मजेदार है। उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि एक बार खेसारी दूध बेचने जा रहे थे, रास्ते में उन्हें याद आया कि उन्होंने पानी नहीं मिलाया।

### भोजपुरी

# आज रिलीज होगा 'सैंधव' का ट्रेलर, नया पोस्टर जारी



**चेन्नई।** साउथ सुपरस्टार वेंकटेश दग्गुबाती अपनी नई फिल्म 'सैंधव' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। वह इस फिल्म के जरिए एक्शन से भरपूर अवतार के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए वापस आ गए हैं। दर्शकों के बीच फिल्म के क्रेज देखने को मिल रहा है। अक्तूबर 2023 को निर्माताओं ने फिल्म का पवार-पैक टीजर जारी किया था, जिसे देख फैंस उत्साहित हो गए थे। वहीं, अब दर्शकों को फिल्म के दमदार ट्रेलर का इंतजार है। हालांकि, जल्द ही फैंस के इस इंतजार पर विराम लगने वाला है, क्योंकि ट्रेलर की रिलीज की तारीख का खुलासा हो गया है। फिल्म के निर्माताओं ने खुलासा किया कि 'सैंधव' का ट्रेलर तीन जनवरी को आएगा। इसके साथ ही निर्माताओं ने वेंकी और बेबी सारा का एक प्यारा पोस्टर लॉन्च किया। इस प्रोजेक्ट का निर्देशन सैलेश कोलानू ने किया है और यह फिल्म पिता-बेटी के रिश्ते और बॉन्डिंग पर आधारित है। इससे पहले टीजर में वेंकटेश को एक दयालु पिता और एक क्रूर व्यक्ति के रूप में दिखाया गया था, जो नवाजुद्दीन सिद्दीकी को उनकी सबसे बड़ी कार्टेल डील को पूरा करने से रोकने के मिशन पर थे। बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी सैंधव से अपना तेलुगु डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म में वह नकारात्मक किरदार में नजर आएंगे। नवाजुद्दीन के जन्मदिन पर निर्माताओं ने खलनायक 'विकास मलिक' के रूप में अभिनेता का बहुप्रतीक्षित पोस्टर जारी किया था और लिखा था, 'टीम सैंधव राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती है और उन्हें डरावने रूप में पेश करती है। 'सैंधव' एक अखिल भारतीय एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसमें वेंकटेश मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म निहारिका एंटरटेनमेंट बैनर के तले वेंकट बयानापल्ली द्वारा निर्मित है। संतोष नारायणन द्वारा संगीत दिया गया है। फिल्म में वेंकटेश और नवाजुद्दीन के अलावा बेबी सारा, आर्य, श्रद्धा श्रीनाथ, रूहानी शर्मा, एंड्रिया जेरेमिया, जिशु सेन गुप्ता और मुकेश ऋषि भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 13 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

---

देश के भीतर दुल्हन के श्रृंगार से जुड़ा बहुचर्चित शो ब्राइडल एशिया मुंबई (बीए मुंबई) अगले महीने 4 व 5 फरवरी को मुंबई में होने जा रहा है। अपनी तरह की पहली प्रदर्शनी, ब्राइडल एशिया आपके लिए दुल्हनों के आभूषण और सहायक उपकरण का चुनिंदा संग्रह लेकर आई है। इस प्रदर्शनी में दुनिया भर से डिजाइनर और फैशन विशेषज्ञ भी पहुंचते हैं। फिलहाल इस मेगा इवेंट की तैयारियां जोरों पर है।





# सर्दियों में चाहिए निखरती त्वचा तो मिल्क पाउडर का इस्तेमाल करें



सर्दियों का मौसम आते ही लोग अपनी त्वचा का ध्यान रखना शुरू कर देते हैं। इसकी वजह है कि इस मौसम में त्वचा काफी डल हो जाती है। चेहरे पर भले ही कितने प्रोडक्ट इस्तेमाल कर लिए जाएं लेकिन उसका असली गुलाबी निखार सर्दियों में खो जाता है। मिल्क पाउडर की मदद से आप अपनी त्वचा का ग्लो बरकरार रख सकते हैं। अगर आप मिल्क पाउडर की मदद से अपना चेहरा चमकाना चाहते हैं तो सबसे पहले चेहरे की क्लीजिंग करनी है। इसके लिए एक कटोरी में आधा चम्मच मिल्क पाउडर में एक चम्मच कच्चा दूध मिलाना है। अब इस पेस्ट को दस मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथ से मसाज करें। ऐसा करने से आपकी त्वचा की डेड स्कन हटने लगेगी। चेहरे को क्लीन करने के बाद स्टीमर की मदद से आप स्टीम ले सकती हैं। इससे आपकी त्वचा के पोर्स खुल जाएंगे। स्टीम त्वचा को हाइड्रेट करने में भी मददगार रहती है। इस स्टेप के बाद आपको मिल्क पाउडर की मदद से ही चेहरे की स्क्रबिंग करनी है। इसके लिए बस आधा चम्मच मिल्क पाउडर को दो चम्मच कच्चा दूध और एक चम्मच चावल का आटा मिलाएं। इससे अपने चेहरे पर अच्छे से स्क्रब करें।

चेहरे पर स्क्रब करने के बाद एक कटोरी में मिल्क पाउडर लेकर उसमें थोड़ा सा शहद और नारियल का

# बियर्ड ट्रिम करते हुए जब हो जाए गलती तो इन टिप्स से लें मदद



ज्यादातर पुरुष बियर्ड के बहुत बढ़ जाने के बाद ही ट्रिमिंग करते हैं। और फिर इतना ट्रिम कर देते हैं कि लुक खराब लगने लगता है। जबकि बालों को ट्रिम करने के बाद बियर्ड की लंबाई कम से कम 1 सेंटीमीटर तक होनी चाहिए। इससे कम होने पर बियर्ड आपके चेहरे पर खराब दिखती है। बियर्ड ट्रिम हो जाने के बाद अक्सर पुरुष कलम और गर्दन के बालों को ट्रिम करते ही नहीं हैं। जबकि ट्रिम बियर्ड तब ही सही लगती है जब कलम और गर्दन के पास भी इन्हें अच्छे से ट्रिम किया जाए। ऐसा करने के लिए ट्रिमर की सेटिंग थोड़ी कम करें। फिर जहां भी बाल ज्यादा हों ट्रिम कर दें। मूंछों को जरूरत से ज्यादा छोटा कर देना भी चेहरे के लुक को फुल मार्क्स नहीं मिलने देता है। इससे मूंछों का जुड़ाव दाढ़ी से टूट जाता है। इसलिए जरूरी है कि मूंछों को जरूरतभर ही ट्रिम किया जाए। मूंछों को उतना ही छोटा करें कि उसका जुड़ाव दाढ़ी से कम न हो। और दाढ़ी मूंछे आपस में जुड़ी रहें।

# लोहड़ी पर पारंपरिक तरीके से होने देखें इन अभिनेत्रियों के लुक्स

फैशन





लोहड़ी का त्योहार मकर संक्रांति के एक दिन पहले काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस बार 14 जनवरी को लोहड़ी मनाई जाएगी। पंजाब और हरियाणा में लोहड़ी की काफी धूम दिखाई देती है। इस त्योहार में लोग अपनी पहली फसल का भोग अग्नि देव को लगाते हैं। इसके लिए वो आग के चारों और चक्कर लगाते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी और मूंगफली चढ़ाते हैं। इस दौरान पुरुष और महिलाएं पारंपरिक तौर पर ही तैयार होते हैं। खासतौर पर अगर बात करें महिलाओं की तो वो बेहद ही खूबसूरत तरह से लोहड़ी के पर्व के लिए तैयार होती हैं।

अगर आपके घर में भी ये त्योहार मनाया जाता है या फिर आप पहली बार इसमें शामिल होने का सोच रहीं हैं तो हम आपको कुछ ऐसे लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जिससे टिप्स लेकर आप लोहड़ी के लिए तैयार हो सकती हैं। दरअसल, आज हम आपको कुछ अभिनेत्रियों और बॉलीवुड सेलिब्रिटीज के पंजाबी लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जो बेहद ही खूबसूरत हैं।

**सोनम बाजवा:** अगर हल्का सा कुछ पहनने का सोच रहीं हैं तो सोनम का लुक आपके लिए एक बेहद ऑप्शन है। स्काई ब्लू रंग के इस सूट के साथ माथे पर मांगटीका आप लगा सकती हैं।

**जैस्मिन भसीन:** इस तरह का शॉर्ट अनारकली कुर्ता और चूड़ीदार पायजामी आपको खूबसूरत लुक देने का काम करेगी। इसके साथ बालों में एक प्यारी सी चोटी जरूर बनाएं। कानों में भारी झुमके आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।

**सरगुन मेहता:** अगर शरारा पहनना पसंद है तो सरगुन का ये लुक आपके लिए परफेक्ट लुक है। इसके लिए आप लाल रंग शरारा अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। इस लुक को पूरा करने के लिए बालों में कर्ल करके कानों में हैवी से झुमके जरूर पहनें।

**श्रद्धा आर्या:** अगर आप पारंपरिक रूप से पंजाबी लुक कैरी करना चाहती हैं तो श्रद्धा आर्या की तरह पटियाला सूट अपने लिए बनवा सकती हैं। इसके बाथ बालों परांदा जरूर लगाएं। इसी से आपका लुक और खूबसरत लगेगा। लुक को पूरा करने के लिए आप माथे पर मांगटीका भी लगा सकती हैं।

**शहनाज गिल:** अगर आपकी शादी के बाद ये पहली लोहड़ी है तो शहनाज गिल की तरह भारी सा शरारा आप अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। इसके साथ अगर आप स्लीक स्टाइल का हेयर स्टाइल बनाएंगी, तो आपका लुक और भी ज्यादा क्लासी लगेगा।

# टीनएजर्स गर्ल्स के लिए बेस्ट हैं मॉर्निंग स्किन केयर रूटीन, एक्सपर्ट के बताए तरीके को करें फॉलो



टीनएजर्स गर्ल्स से अपनी स्किन का ध्यान रखने में लापरवाही हो जाती है। ऐसे में उनकी त्वचा डल और बेजान नजर आने लगती है। ऐसे में आपको जरूरत है एक्सपर्ट टिप्स की जिसे फॉलो करके आप अपनी स्किन का ध्यान रख सकते हैं। डॉ. गीतिका ने इन टिप्स को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया और बताया कि कैसे आप स्किन का ध्यान रख सकती हैं। टीनएजर्स गर्ल्स अपनी स्किन पर फोमिंग फेस वॉश का इस्तेमाल करें। ये स्किन के लिए काफी अच्छा होता है साथ ही माइल्ड क्लींजिंग करता है। इस तरह के फेस वॉश आपको बाजार में मिल जाते हैं जिनका इस्तेमाल आर रोजाना सुबह कर सकती हैं। आप चाहे तो इसकी जगह पर रोजाना एलोवेरा जेल का इस्तेमाल भी कर सकती हैं ताकि स्किन हाइड्रेट रहे।

### मॉइश्चराइजिंग क्रीम लगाएं

स्किन को हाइड्रेट रखने के लिए आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। इससे आपकी स्किन हेल्दी रहती है। इसके लिए बेस्ट (सनस्क्रीन लगाने का तरीका) है कि आप सन प्रोटेक्टिव क्रीम का इस्तेमाल करें। मार्केट में आपको ऐसी कई सारी क्रीम मिल जाएगी। जिसे लगाकर आप स्किन को हेल्दी रख सकती हैं।

### फेस मास्क का करें इस्तेमाल

अगर आपको लगता है कि स्किन डल लग रही है तो इसके लिए आपको जरूरी है कि आप फेस मास्क का इस्तेमाल करें। इसके लिए आप घर (ब्यूटी हैक्स) पर ही एलोवेरा जेल फेस मास्क, दही फेस मास्क या फिर पपीता फेस मास्क का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे आप रोजाना सुबह इस्तेमाल करें। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि इसके लिए आपको अपनी स्किन को क्लीन रखना है ताकि जब आप इसे चेहरे पर लगाएं तो कोई गंदगी न रहे।

# सटल लुक के लिए अपनी वार्डरोब में शामिल करें साड़ी डिजाइंस



साड़ी पहनने का शौक हर लड़की को होता है। इसलिए हर कोई मार्केट से जाकर अपने लिए अलग-अलग डिजाइंस की साड़ियां खरीदती हैं। कई बार ऐसा होता है कि कुछ डिजाइंस आपको पसंद होते हैं लेकिन जब आप वो ट्राई करते हैं तो अच्छे नहीं लगते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपको कुछ नया लुक नहीं मिलता है बस वही पुराने तरीके से साड़ी पहनना पड़ता है। ऐसे में अगर आप सटल लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके लिए बेस्ट है कि आप इन साडियों को स्टाइल करें इसमें आप काफी सुंदर नजर आएंगी।

**बॉर्डर वर्क साड़ी :** सटल लुक के लिए बेस्ट है कि आप बॉर्डर वर्क साड़ी को वियर करें। इसमें आपको पतला बॉर्डर मिलेगा जिस पर साड़ी के ब्लाउज जैसी एम्ब्राइडरी की गई होगी। आप इस तरीके की साड़ी को वियर कर सकती हैं। ये सिंपल होती हैं और कहीं भी पहनी जा सकती हैं। इनकी खास बात ये है कि इन्हें स्टाइल करने में समय भी कम लगता है। आप इसे अपनी पसंद के फैब्रिक में खरीद सकती हैं। इसके साथ आपको हैवी वर्क ब्लाउज मिलेगा। इसलिए ये साड़ी और भी सुंदर लगेगी। इस तरह की साड़ी मार्केट में आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएगी।

**मिरर वर्क साड़ी:** मिरर वर्क साड़ी भी सटल लुक के लिए बेस्ट है आप इन्हें भी ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप काफी सुंदर (साड़ी फैशन) लगेंगी। इसमें आपको कोई बॉर्डर नहीं मिलेगा। बल्कि आपको पूरी साड़ी में थोड़ा-थोड़ा मिरर वर्क मिलेगा। जिससे ये साड़ी दिखने में हैवी लगेगी लेकिन रहेगी लाइट वेट। इसलिए आपको इस साड़ी को वियर जरूर करना चाहिए।


---


कार्नर न्यूज

## फैशन के नाम पर अजीबो-गरीब चलन जोरों पर

# 'उल्टे' चश्मे से लेकर 'फटी' जींस-स्वेटर तक, जिन फैशनेबल चीजों का उड़ा मजाक वो बिकी सोने के भाव

*हाल के बरसों में कुछ अजीबो-गरीब फैशन ट्रेंड्स देखने को मिले। बड़े-बड़े ब्रांड ने इस साल के फैशन ट्रेंड्स को ट्राय किया। कई मास्क अपने डिजाइन और दाम के कारण प्रसिद्ध हुए। कुछ ड्रेस, चश्मे आदि वियर्ड फैशनेबल आइटम्स इंटरनेट पर चर्चा में रहे जिनको बेचकर कंपनी ने लाखों की कमाई की।*






**उल्टा चश्मा :** हर साल चश्मे कई स्टाइल और डिजाइन के आधार पर आते हैं। चश्मा पहनने वाला अपनी पसंद के आधार पर इनको चूज करता है। लेकिन इस साल एक अलग प्रकार का चश्मा मार्केट में आया है। इसका नाम इनवर्टेड कैट आइ ग्लासेज बताया गया। यह देखने में उल्टे चश्मे की तरह दिखाई दे रहा था। इसी वजह से ये सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रहा। विश्व के चर्चित फैशन ब्रांड गूची ने इनवर्टेड कैट आइ ग्लासेज को लॉन्च किया था। इसके डिजाइन और कीमत दोनों ने ही लोगों को चौंका दिया।

**'प्योर गोल्ड' हेडफोन्स :** कोरोना काल में सोने का मास्क देखने को मिला। मगर साल खत्म होते-होते हमने सोने का बना हेडफोन भी देख लिया। इसको लेकर भी खूब बातें चलीं। हम अधिकतर प्लास्टिक या मैटल से बने हेडफोन्स का ही प्रयोग करते हैं। हमने ऐसे ही हेडफोन देखे हैं। लेकिन जब 'प्योर गोल्ड' हेडफोन्स बिकने लगे तो इस बात ने भी सबको शॉक्ड कर दिया।







**दाग लगी गंदी जींस :** कभी घास पर फिस कर गिरे होंगे तो आपको उसका दाग याद होगा! ऐसे दाग वाली एक जींस मार्केट में बिकने लगी। इस दाग लगी गंदी जींस को देखकर कई लोग सोच में पड़ गए, भला कौन ऐसी जींस को खरीदना पसंद करेगा। दरअसल, लग्जरी फैशन ब्रांड गुची ने अपना विंटर कलेक्शन लॉन्च किया। उसमें इस दाग वाली जींस को भी शामिल किया।


**फटा हुआ स्वेटर :** फैशन की दुनिया में आए दिन कुछ न कुछ एक्सपेरिमेंट होते रहते हैं। ऐसी ही चीजें हमारे ध्यान को आकर्षित करती हैं। हाल ही में सर्दी से बचाने के लिए फटा हुआ स्वेटर बिकने लगा। लोग इस स्वेटर के डिजाइन को देखकर सोच में पड़ गए। लोग पूछने लगे- भाई ये क्या बिक रहा है। सोशल मीडिया पर इस स्वेटर ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचने का काम किया। इस आउटफिट को विश्वविख्यात फैशन ब्रांड जारा ने विंटर में लॉन्च किया है।

## सालार हिंदी वर्जन में 125 करोड़ के पार





*मुंबई। प्रभास की फिल्म 'सलार' थिएटर्स में एंटरटेनमेंट का सॉलिड डोज दे रही है। पहले हफ्ते में 'सलार' ने हिंदी वर्जन से 92 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन कर लिया था. दूसरे वीकेंड में फिल्म की हिंदी वर्जन से कमाई लगातार बढ़ती रही. शुक्रवार को 6 करोड़, शनिवार को 7.25 करोड़ और रविवार को 9 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन के साथ हिंदी में भी 'सलार' की दमदार कमाई जारी रही।*

## एनिमल का जलवा 31वें दिन बरकरार





मुंबई। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल बेधड़क थिएटर्स में चल रही है। तमाम क्रिटिसिज्म के बावजूद रणबीर कपूर की इस फिल्म ने जमकर कमाई की है। अपने लिमिटेड स्क्रीन काउंट के साथ संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म अपनी जगह डटी रही। फिल्म ने रिलीज के 31वें दिन देश में 1.67 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का टोटल कलेक्शन अब 544.93 करोड़ रुपए है।

## 400 करोड़ के करीब पहुंची डंकी




मुंबई। पहले हफ्ते में 160 करोड़ से ज्यादा नेट कलेक्शन कर चुकी 'डंकी' ने रविवार को 11.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। रिपोर्ट के अनुसार 12वें दिन, सोमवार को 'डंकी' ने शनिवार से भी ज्यादा कलेक्शन किया है। 2024 के पहले दिन शाहरुख की फिल्म ने 9.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। अब 12 दिन में शाहरुख की फिल्म 'डंकी' बॉक्स ऑफिस पर 397 करोड़ नेट इंडिया कलेक्शन कर चुकी है।



# नए साल में अर्जुन ने बनाया नया टैटू...

**मुंबई।** 2 स्टेट्स, इशकजादे और मुबारकां के लिए एक्टर अर्जुन कपूर ने नए साल का स्वागत एक पॉजिटिव सोच के साथ किया। उन्होंने अपने कैल्फ पर एक नया टैटू बनवाया है। इसमें लिखा है राइज। एक्टर ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम पर टैटू डिजाइन का एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हम जो थे उसकी राख से ही हम वह बन सकते हैं जो हमें बनना है। सोशल मीडिया पर अर्जुन का ये टैटू वीडियो काफी वायरल हो रहा है। उनके वीडियो पोस्ट पर एक्टर अभिषेक बच्चन ने हाथ उठाने वाला इमोजी के साथ अपनी प्रतिक्रिया दी है।



लाइफ Style

# अदिति
## सिद्धार्थ संग कंफर्म की रिलेशनशिप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नए साल का आगमन बड़े धूमधाम से हो गया है। किसी ने अपने परिवार तो किसी ने अपने दोस्तों के साथ नए साल को वेलकम किया है। इसी बीच पद्मावत' फेम एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ फोटो शेयर कर अपनी रिलेशनशिप को कंफर्म कर दिया है।

अदिति राव हैदरी सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपने फैंस के साथ पोस्ट और स्टोरीज के माध्यम से जुड़ी रहती हैं। एक्ट्रेस सिद्धार्थ के साथ तस्वीरें और वीडियोज भी शेयर करती रहती हैं, लेकिन जब भी रिलेशनशिप को लेकर सवाल किया जाता है तो दोनों इसे सीक्रेट रखने की कोशिश करते हैं। हालांकि एक्ट्रेस की हालिया पोस्ट से उनकी और सिद्धार्थ के रिश्ते को लेकर फिर से चर्चा बढ़ गई है। अदिति राव हैदरी ने न्यू ईयर के मौके पर सिद्धार्थ के साथ इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में अदिति और सिद्धार्थ कैमरे के लिए पोज दे रहे हैं। दोनों की इस तस्वीर से लगता है कि शायद वे विदेश में वेकेशन एन्जॉय कर रहे हैं। फोटो शेयर करते हुए अदिति ने कैप्शन में लिखा, खुश, धन्य और आभारी। जादुई खुशी, प्यार, हंसी, यूनिकॉर्न और फेयरी डस्ट के लिए। आप सभी को नए साल की शुभकामनाएं। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ सोशल मीडिया पर जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने कहा, तो यह ऑफिशियल हो गया। एक ने लिखा, परफेक्ट। एक यूजर ने कहा, बढ़िया चॉइस है। आप दोनों एक-दूसरे को डिजर्व करते हैं।

हॉलीवुड मसाला



# बीच किनारे चिल करती दिखीं

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज 1991 में अपने डेब्यू के बाद से कई लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं। हसीना अपने काम, लुक और एक्सेसरीज से अक्सर फैंस का दिल चुरा लेती हैं। वहीं अब एक बार फिर जेनिफर ने अपने लुक्स से तहलका मचा दिया। इन तस्वीरों में जेनिफर बीच किनारे चिल मूड में नजर आ रही हैं। लुक की बात करें तो जेनिफर व्हाइट बिकिनी में बेहद हॉट लग रही हैं। इस बिकिनी टॉप में वह अपने टोन्ड एब्स फ्लॉन्ट कर रही हैं।




# पब्लिक स्क्रूटनी से नाराज है एंजेलिना

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस एंजेलिना जोली और उनके स्टार पति ब्रैड पिट के बीच हुए विवाद से हर कोई वाकिफ है। इस वक्त एंजेलिना पब्लिक स्क्रूटनी से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं। वो इस बात से नाखुश हैं कि उनकी गलत इमेज बनाई जा रही है। यही वजह है कि वो हॉलीवुड को अलविदा कहने वाली हैं। यानी वो अब एक्टिंग नहीं करेंगी। बता दें कि एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट ने तब एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था, जब वे 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ' के सेट पर मिले थे। इससे पहले ब्रैड पिट की जेनिफर एनिस्टन से शादी हो चुकी थी, लेकिन उन्होंने पांच साल का रिश्ता तोड़ दिया था। इनके 6 बच्चे हुए।



# इंटीमेट सीन को लेकर मौनी हुईं ट्रोल...

**मुंबई।** अभिनेत्री मौनी रॉय सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अपनी तस्वीरों को वीडियोज के साथ अक्सर सुर्खियों में रहने वाली मौनी ने हाल ही में कुछ तस्वीरें और वीडियोज अपने पति सूरज नांबियार के साथ शेयर की है, जिसको देख फैंस की धड़कने तेज हो गई हैं। मौनी ब्लैक बिकिनी में पति के साथ पूल में नजर आ रही है, जहां दोनों का पूल रोमांस नजर आ रहा है। कपल की सिजलिंग केमिस्ट्री फैंस का दिल जीत रही है।कुछ यूजर्स ऐसे भी हैं, जिन्हें मॉनी का ये रूप बिलकुल पसंद नहीं आ रहा है। लोग उनके इस पोस्ट और रिवीलिंग बिकिनी पहनने पर ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- अरे कुछ तो शर्म कर लिया करो। एक अन्य ने लिखा, पूरे कपड़े पहनना कभी सीख पाओगी। एक अन्य ने लिखा- अरे इज्जत बची है, थोड़ी से बेशर्म।



# करण ने दिखाए अपने वॉशबोर्ड एब्स...

**मुंबई।** एक्टर करण सिंह ग्रोवर, जो अपनी अपकमिंग फिल्म 'फाइटर' की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, ने मंगलवार को अपनी तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह अपने टोन्ड बॉडी और वॉशबोर्ड एब्स फ्लॉन्ट कर रहे हैं। करण, जो 'दिल मिल गए' और 'कुबूल है' जैसे शो में अपने काम के लिए जाने जाते हैं, एक फिटनेस फ्रीक हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर अपने वर्कआउट रूटीन भी शेयर करते रहते हैं। एक्टर ने कई तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह पानी के बीच में नजर आ रहे हैं और अपने बाइसेप्स, मसल्स और वॉशबोर्ड एब्स दिखा रहे हैं। पोस्ट का टाइटल 'मेटमोरफोसिस' था। करण, जो जल्द ही ऋतिक रोशन-स्टारर 'फाइटर' में दिखाई देंगे। एब्स को देखकर एक फैन ने लिखा, आखिरकार ऋतिक को तगड़ा कॉम्पिटिशन मिलेगा।

टीवी मसाला

# पलक की पर्सनल चैट लीक

**मुंबई।** एक्ट्रेस पलक तिवारी के साथ सोशल मीडिया स्टार ऑरी ने अपनी पर्सनल चैट लीक की है। इस चैट को देखकर सब हैरान हो गए हैं क्योंकि ओरी ने इसमें एक्ट्रेस पलक को मिडिल फिंगर दिखाई है। ऑरी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर श्वेता तिवारी की बेटी पलक के साथ अपनी चैट का ऐसा स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जिसे देखकर सब हैरान हैं। ओरी ने मैसेज का स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जिसमें पलक का मैसेज कर रही हैं कि ऑरी, पलक बोल रही हूं। क्या तुम्हें माफी चाहिए। ऑरी फिर उन्हें मिडिल फिंगर वाला इमोजी भेजते हैं। पलक जवाब देती हैं सारा की रिस्पेक्ट की वजह से मैं बोल रही हूं। इस पर ऑरी कहते हैं नहीं बेब, मुझे माफ कर दो। या तो आप सेल्फ रिस्पेक्ट के कारण माफी मांगो क्योंकि आपको पता नहीं कैसे बात करनी चाहिए। पलक का आखिर में मैसेज होता है मैंने माफी मांग ली है।



## मनोरंजन से भरपूर होगा पूरा महीना

# जनवरी में रिलीज हो रहीं ये बड़ी फिल्में, पहली बार साथ दिखेंगे विजय व कैट

*नई दिल्ली। नए साल की शुरुआत के साथ ही सिनेप्रेमियों को कई बड़ी फिल्मों की सौगात मिलने वाली है। दिसंबर का महीना सिनेमा और सिनेमाघरों दोनों के लिए बढ़िया रहा है। बहरहाल, 2024 का आगाज होते ही कई ऐसी फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जिनका इंतजार दर्शकों को बेसब्री से है। साल के जाते-जाते 'डंकी' और 'सालार' की भिड़ंत ने भी बॉक्स ऑफिस पर खूब सुर्खियां बटोरीं। इस बड़े टकराव के बावजूद दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन किया है।*




### ऋतिक व दीपिका की 'फाइटर'

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण लंबे समय से फिल्म 'फाइटर' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें पहली बार ऋतिक और दीपिका की जोड़ी देखने को मिलने वाली है। अनिल कपूर भी इस फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दे चुके सिद्धार्थ आनंद इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। 'फाइटर' गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले यानी 25 जनवरी को सिनेमाघरों का रुख करेगी।

### कैटरीना-विजय सेतुपति की 'मेरी क्रिसमस'

कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति फिल्म 'मेरी क्रिसमस' में पहली बार साथ दिखाई देंगे।




फिल्म को श्रीराम राघवन ने निर्देशित किया है। 'मेरी क्रिसमस' एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जो 12 जनवरी को हिंदी और तमिल में रिलीज होगी। फिल्म एक रहस्यमई रात की कहानी है। दोनों सितारों के प्रशंसक इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं।

### 'कल्कि 2898 एडी में अमिताभ विलेन'



नाग अश्विन के निर्देशन में बन रही फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' पिछले काफी समय से अपनी रिलीज को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। इस फिल्म के जरिए पहली बार प्रभास और दीपिका पादुकोण की जोड़ी बनने जा रही है, वहीं अमिताभ बच्चन इसमें विलेन की भूमिका में दिखने वाले हैं। फिल्म 12 जनवरी को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। सैन डिएगो में हुए कॉमिक-कॉन इवेंट में इस फिल्म का टीजर जारी किया गया था।

***ये 2 फिल्में भी चर्चा में :*** *रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या की फिल्म 'लाल सलाम' 12 जनवरी को रिलीज होने वाली है। ऐश्वर्या ने फिल्म का निर्देशन किया है, वहीं रजनीकांत इसमें कैमियो करने वाले हैं। उधर महेश बाबू भी अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'गुंटूर कारम' 12 जनवरी को लेकर आ रहे हैं।*

### 'मैं अटल हूं', 19 जनवरी से बड़े पर्दे पर




जल्द ही अभिनेता पंकज त्रिपाठी फिल्म 'मैं अटल हूं' में दिखाई देंगे। इस फिल्म में वह पूर्व प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभा रहे हैं। रवि जाधव के निर्देशन में बनी इस फिल्म में जुबिन नौटियाल ने अपनी आवाज दी। फिल्म में अटल के जीवन और राजनीति संघर्षों को दिखाया जाएगा। यह फिल्म 19 जनवरी को रिलीज होगी।

## खबर संक्षेप

### बोर्ड गठित होने तक रायगढ़ में प्रमाणीकरण

**रायगढ़।** नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में जिला मेडिकल बोर्ड का गठन न होने के कारण दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण का कार्य संभव नहीं हो पा रहा है। समस्या की गंभीरता को तुरंत संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में मेडिकल बोर्ड का गठन होने तक रायगढ़ में मेडिकल बोर्ड के द्वारा ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र यूडीआईडी कार्ड जारी करने हेतु निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि आज जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ तहसील बरमकेला के ग्राम पड़कीडीपा निवासी भम्बर चौहान दिव्यांगजनों हेतु दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी जारी करने संबंधी आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। कलेक्टर के निर्देशन में सीएमएचओ आरएन मंडावी द्वारा उप संचालक समाज कल्याण शिवशंकर पाण्डेय से समन्वय कर ग्राम पड़कीडीपा निवासी श्रीमती शीला चौहान का दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी रायगढ़ जिले के मेडिकल बोर्ड के माध्यम से जारी किया गया है।

### प्लेसमेंट, अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन आज

**रायगढ़।** योग्य अभ्यर्थियों एवं युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार के निर्देशानुसार 4 जनवरी को प्रातः 9.30 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाए रायगढ़ में किया जाएगा। जिसमें सुजुकी मोटर्स हंसलपुर गुजरात के लिए विभिन्न पदों पर भर्ती की जानी है। जिसमें आईटीआई पास कुल 500 पदों परए अप्रेंटिस हेतु विभिन्न व्यवसाय फिटर, टर्नर, वेल्डर, मशीनिष्ट, मोटर मैकेनिकए डीजल मैकेनिक, ट्रेक्टर मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, पीपीओ, सीओई ऑटोमोबाइल, पेंटर जनरल पद पर भर्ती की जानी है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट एवं संस्था में कार्यालयीन समय पर प्लेसमेंट अधिकारी से संपर्क कर सकते है।

### भारत संकल्प यात्रा में लिया योजनाओं का लाभ

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन और सीएमओ मनीष गायकवाड़ के नेतृत्व में बिलाईगढ़ नगर पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर आयोजित किया गया। नगर पंचायत के नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उत्साह से इस यात्रा को सफल बनाए हैं और योजनाओं का लाभ लिए। कार्यक्रम में हमारे देश भारत को विकसित करने का संकल्प लिया गया। स्कूली बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों ने योजनाओं के लाभ का अनुभव साझा किया। इस यात्रा कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मंच पर सोनल भट्ट, सुभाष जालान, धनेश साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## निधन

### श्रीमती माहेश्वरी देवी शर्मा



**कापू।** कापू निवासी 76 वर्षीय श्रीमती माहेश्वरी देवी शर्मा का 3 जनवरी को निधन हो गया। सप्ताह भर पहले ही उनके पति महादेव शर्मा का निधन हो गया था। स्व .माहेश्वरी देवी शर्मा अपने पीछे तीन पुत्र मनोज शर्मा, नीरज शर्मा कापू अजय शर्मा तथा नाती, पोतियो भरा पूरा बिलखते परिवार को छोड़कर चली गयी। दिवंगत की अंतिम यात्रा 4 जनवरी को सुबह 8 बजे माझापारा मुक्तिधाम ले जाई जाएगी। जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### बाबूलाल अग्रवाल



**रायगढ़।** शहर के रामभाटा स्थित नगर की प्रतिष्ठित फर्म अग्रसेन टेंट के संचालक बाबूलाल अग्रवाल का आज निधन हो गया। वे बिहारी अग्रवाल, शिव शंकर अग्रवाल और स्व. वासुदेव अग्रवाल के भाई थे। वे अपने पीछे दो पुत्र शशिकांत अग्रवाल, शशांक अग्रवाल और एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार 4 जनवरी को सुबह 10 जे संजय मैदान रामभाटा स्थित उनके निवास से निकाली जाएगी। कयाघाट मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार होगा।

### लूज प्वाईंट को सुधार करने व मुआवजे का शीघ्र निराकरण के निर्देश

# हाथी सुरक्षा समिति की बैठक में निर्णय वन्य प्राणियों को क्षति पहुंचाने पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय हाथी सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिले में विद्युत करंट से हुई हाथियों की मृत्यु के संबंध में समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री गोयल ने विद्युत विभाग को ऐसे सभी लूज प्वाइंट को सुधार करने और एक माह के भीतर सभी विद्युत लाइन का मानक ऊंचाई अनुसार सुधार करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने राजस्व विभाग को वन्य हाथियों द्वारा हुई फसल और मकान क्षति के प्रकरणों पर शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया। साथ ही गांव में वन्य प्राणियों के शिकार करने वाले तथा हाथियों को नुकसान पहुंचाने के लिए करंट प्रवाह करने वालों पर भी सूचना रखने और विजिलेंस टीम द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया। कलेक्टर श्री गोयल ने वन क्षेत्रों से गुजरने वाली विद्युत लाइनों को कवर्ड कंडक्टर इंसुलेशन हेतु विद्युत विभाग को प्राक्कलन तैयार कर वनमण्डलाधिकारी द्वारा शासन से



हाथी सुरक्षा समिति की बैठक में मौजूद कलेक्टर, डीएफओ व अन्य अधिकारी।

आवश्यक राशि मांग करने करने के निर्देश दिए। वन विभाग को मानव हाथी द्वंद्व की रोकथाम हेतु पुलिस विभाग द्वारा आवश्यक सुरक्षा बल उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर श्री गोयल ने सभी एसडीएम को भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिले में विद्युत करंट से हो रही हाथियों की मृत्यु अत्यंत चिंताजनक है जिसे रोकथाम करना नितांत आवश्यक है। वन्य हाथियों हेतु सुरक्षित रहवासए सुगम आवागमनए सुरक्षा और मानव हाथी द्वंद्व प्रबंधन हमारी साझा जिम्मेदारी है। डीएफओ धरमजयगढ़ ने बताया कि वनमण्डल धरमजयगढ़ में वर्ष 2023 में हुई आठ हाथी मृत्यु में से छह हाथी मृत्यु विद्युत करंट से हुई है जो काफी गंभीर है। उन्होंने बताया कि 6 हाथियों में से एक हाथी की मृत्यु विद्युत तार की मानक ऊंचाई से कम होने पर उसकी चपेट में आने से हुई। इसी प्रकार एक हाथी की शिकार हेतु बिछाए गए तार की चपेट में आने तथा चार हाथी की मृत्यु फसल सुरक्षा हेतु बिछाए करंट तार के कारण हुई है। डीएफओ ने बताया कि अक्टूबर माह में सघन सर्वे कर वनमण्डल में कुल 821 लूज प्वाइंट का चिन्हांकन किया जिसे विद्युत विभाग द्वारा सुधार करवाया गया है। इसी प्रकार से नवंबर माह में 296 प्वाइंट का सूची मुख्यालय भेजा गया है। इस दौरान वनमण्डलाधिकारी द्वारा बताया गया कि वन क्षेत्रों में अवैध शराब निर्माण रोकने हेतु आबकारी विभाग द्वारा दगभौना में कार्यवाही की गई है। वन विभाग के आग्रह पर कलेक्टर श्री गोयल ने आबकारी विभाग को वन क्षेत्रों में समय समय पर अवैध शराब निर्माण पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए, जिससे मानव हाथी द्वद को रोका जा सके। बैठक में डीएफओ स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, एसडीएम खरसिया एवं धरमजयगढ़, विद्युत विभाग एवं धरमजयगढ़, कृषि, पुलिस विभाग, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शहर में चार दिवसीय संकल्प यात्रा शिविर का आरंभ कल से

विभिन्न वार्डों में लगेगा कैंप




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

निगम क्षेत्र में 5 जनवरी से 8 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा कैंप लगे। कैंप सुबह और दोपहर दो पाली में एक दिन में दो जगहों में लगेगा जहां जन्म, मृत्यु, राशन कार्ड, विभिन्न पेंशन योजना सहित रोड, नाली, पानी, सफाई और पीएम विश्वकर्म योजना एवं स्व निधि योजना के लिए हितग्राही आवेदन कर सकते हैं। आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

शासन के निर्देशानुसार भारत संकल्प विकसित भारत संकल्प यात्रा वन क्षेत्र में शुरू हो गई है रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र में 5 से 8 जनवरी 2024 तक कैंप का आयोजन होगा। इसके लिए निगम के अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कैंप में सभी विभाग के कर्मचारी अपने दस्तावेज सहित उपस्थित रहेंगे। कैंप में अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति होने के कारण सभी तरह के आवेदनों का समय सीमा के भीतर निराकरण होगा। शासन के निर्देशानुसार नगर निगम व नकरीय निकाय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हो रहा है। इसमें सभी वार्डों के लिए शासन के सभी योजनाओं के संभावित हितग्राहियों को संभावित लाभ पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम स्थानों में शासन के अंतर्गत कार्यरत सभी विभाग के स्टाल लगेंगे, जिसमें अधिकारी कर्मचारी संबंधित योजनाओं के हितग्राहियों से सीधे तौर पर आवेदन लेंगे और हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाएंगे। निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 34 सामुदायिक भवन में विकसित भारत अभियान का पहला कैंप का आयोजन 5 जनवरी को लगेगा। कैंप सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। कैंप प्रभारी उप अभियंता दिलीप उरांव को नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम स्थल में वार्ड क्रमांक 33 से 38 एवं 41 के हितग्राही आवेदन कर सकेंगे। इसी तरह 5 जनवरी की दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक वार्ड क्रमांक 23 बोईरदादर स्टेडियम में वार्ड क्रमांक 21 से 25 एवं 47, 48 के लिए कैंप का आयोजन होगा। कैंप प्रभारी उप अभियंता राजेश पंडा का नियुक्त किया गया है। 6 जनवरी की सुबह 9 बजे से दोपहर 1 तक वार्ड क्रमांक 13 मंगल भवन केवाड़ाबाड़ी बस स्टेंड में वार्ड क्रमांक 6 से 13 तक के लिए कैंप का अयोजन होगा। इसके लिए कैंप प्रभारी धीरत प्रजापति को नियुक्त किया गया है। 6 जनवरी की दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक वार्ड क्रमांक 43 गोरखा हाई स्कूल जिंदल रोड में कैंप का आयोजन होगा। यहां वार्ड क्रमांक 4, 5 एवं 43 से 46 तक हितग्राहि आवेदन कर सकेंगे। कैंप के लिए उप अभियंता मुन्ना ओझा होंगे। 7 जनवरी की सुबह 9 बजे से दोपहर 1 तक वार्ड क्रमांक 28 नगर निगम आडिटोरियम पंजरी प्लांट में कैंप का आयोजन होगा। कैंप में वार्ड क्रमांक 26 से 32 तक के हितग्राही विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन कर सकेंगे। कैंप प्रभारी सुश्री यज्ञा सिदार को नियुक्त किया गया है। 7 जनवरी अपरान्ह दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक वार्ड क्रमांक 18 नटवर स्कूल मैदान में कैंप आयोजन होगा। यहां वार्ड क्रमांक 14 से 20 तक के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए मिशन प्रबंधक केदार पटेल को कैंप प्रभारी नियुक्त किया गया है। वार्ड क्रमांक 01 पीजी कामर्स कालेज कोतरा रोड में 8 जनवरी की सुबह 9 से दोपहर 1 तक कैंप का आयोजन होगा। कैंप में वार्ड क्रमांक 1 से 3 एवं 39, 43 के निवासी विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन कर सकेंगे। कैंप प्रभारी उप अभियंता हिराधर राठिया होंगे।

# बेटियों के उज्जवल भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत सुकन्या समृद्धि योजना की शुरूआत की गई है। यह योजना माता पिता को अपनी बेटी की भविष्य की शिक्षा और शादी के खर्चों के लिए एक फंड बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है।

डीपीओ एलआर कच्छप ने जानकारी देते हुए बताया कि सुकन्या समृद्धि खाता किसी भी डाकघर में खुलवाया जा सकता है। यह खाता बेटी के जन्म के समय या फिर 10 साल की उम्र तक यह खाता खुलवाया जा सकता है। जिसमे खाता न्यूनतम 250 रूपये से खोला जा सकता है। एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम रूपए 1000 व अधिकतम रूपये एक लाख 50 हजार की राशि रूपए 100 के गुणकों में जमा की जा सकती है। एक बेटी के नाम से केवल एक खाता खोला जा सकता है। परिवार में अगर दो बेटियां हैं तो दोनों के लिए यह खाता खोला जा सकता है। हालांकि जुड़वां बच्चे होने की स्थिति में संबंधित प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर तीसरा खाता भी खुलवाया जा सकता है। इस खाते को देश भर के किसी भी डाकघर में स्थानांतरित करवाया जा सकता है। बेटी की उम्र 18 वर्ष होने पर जमा राशि का 50 प्रतिशत बेटी की शिक्षा अथवा शादी के लिए निकलवा सकते है।

खाते में जमा सम्पूर्ण धनराशि व ब्याज की रकम को खाते से 21 साल पूर्ण होने पर या धारिका के विवाह पर जो भी पहले हो निकाला जा सकता है। खाता किसी भी डाकघर में अविवाहित बालिका का जन्म प्रमाण पत्र व माता पिता वैधानिक संरक्षक का फोटो पहचान पत्रध्निवास प्रमाण पत्र देते हुए खुलवा सकते है। प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए ब्याज का निर्धारण भारत सरकार द्वारा किया जायेगा। आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 सी के अंतर्गत आयकर में छूट का प्रावधान है।

# 7 साल पहले शुरू हुए पानी टंकी का निर्माण अब तक अधूरा

**पुसौर।** एनटीपीसी क्षेत्र के ग्राम आरमुडा में लगभग 7 वर्ष पूर्व स्कूल के किनारे एक विशाल पानी टंकी बनाया जाकर वहां नलकुप खनन भी कराया जा चुका है इसके बावजूद भी इसका पानी आरमुडा ग्राम में नहीं पहुंच पाई है।



जानकारी के मुताबिक टंकी में लिकेज आ गया था जिसे बनाने के लिए सालों लग गए वहीं जब टंकी तैयार हुआ तो बना नलकुप बिगड गया और जब ये नलकुप बना तो पानी की सप्लाई पाईप टुट गया। ये सारी व्यवस्था एनटीपीसी लारा के अधीन होने की बात कहते हुए सरपंच गुरूबारी भोमिया के प्रतिनिधि ने बताते हुए कहा कि अब इस टंकी सहित समूचा व्यवस्था को एनटीपीसी ने पीएचई के अधीन कर चुका है ये इसके समूचित व्यवस्था में कब कारगर कदम उठायेगी यह तो पता नहीं लेकिन कुछ महिने बाद गर्मी आने वाला है तब उक्त पेय जल व्यवस्था को तैयार होना जरूरी है।

# महलोई और कांदागढ़ में संकल्प यात्रा

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम महलोई में 11 से 2 बजे तक तथा कांदागढ में 2 से 5 बजे तक विकसित भारत संकल्प षिविर का आयोजन हुआ। महलोई में सरपंच गुरूबारी भोमिया एवं सचिव अनिता सिदार सहित अन्य पंचायत पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिकों के व्यवस्था में समुचा गतिविधियों के साथ लगे स्टाल में पंचायत के लोगों ने जहां अपना अपना आवेदन किया वहीं जो शासकीय योजनाओं का लाभ लिया है वे सरकार के प्रति कृतज्ञता जताया।



उक्त कार्यक्रम अंतर्गत मंच में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष व जनपद सदस्य गौरांग साव, पूर्व सरपंच ललित गुप्ता, भाजपा महामंत्री मनोरंजन साहू, जिला मंत्री महिला मोर्चा इंदिरा गुप्ता, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष क्षीर कुमारी डनसेना, फत्तेचंद्र प्रधान, तरूण प्रधान सहित अन्य गणमान्य मौजुद रहे जिन्हौने कार्यक्रम को गति प्रदान करने के साथ ही उपस्थित लोगों का उत्साह वर्धन किया। इसी कडी में महलोई हाईस्कूल के शिक्षिका विनोदिनी शर्मा के मार्गदर्शन में छात्राओं द्वारा रानी लक्ष्मीबाई मंचन पर इन्हौने पुरस्कार वितरण किया। कांदागढ में सरपंच श्रीमती सुलोचना फकीर प्रधान एवं सचिव विराट सिदार सहित पंचायत के अन्य लोगों के व्यवस्था में षिविर प्रारंभ हुआ जहां बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, अपनी कहानी अपनी जुबानी, धरती कहे पुकार के तथा सरकार के प्रति किये जा रहे आभार प्रदर्षन लोगों के आकर्शण का केन्द्र बना। मातृ वंदना, पीएम आवास, स्वच्छभारत मिशन, स्वास्थ्य विभाग, महिला समुह, पीएम किसान सम्मान निधि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पीएम प्रणाम योजना को लेकर लोगों ने आवेदन दिया।

### संकल्प यात्रा में दिव्यांग हितग्राहियों का उत्साह

**सारंगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर आयोजित जा रहा है। जन जन के विकास के लिए चल रहे इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में सामान्य नागरिक के साथ साथ दिव्यांग भी उत्साह और नई ऊर्जा से इस यात्रा में शामिल हो रहे हैं। जिले के सारंगढ़ विखं के परसदा छोटे, डोमाडीह अ छिंद, अमलीपाली अए बरमकेला क्षेत्र के ग्राम पंचायत खिचरी और बुदेली में बिलाईगढ़ क्षेत्र में ग्राम पंचायत चिचोली, सलिहाघाट, बम्हनपुरी और पिकरीपाली में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा वाहन का कार्यक्रम स्थल में पहुंचने पर महिलाओं द्वारा रंगोली सजा कर कलश स्थापना व दीप प्रज्वलित कर फूल माला से स्वागत किया।

# बाल साहित्य देवपुत्र ने अयोध्या पर जारी किया विशेष अवधेश विशेषांक

**रायगढ।** 22 जनवरी को अयोध्या के भव्य मंदिर में श्रीराम की मूर्ति की पुनः प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर सरस्वती बाल कल्याण न्यास इंदौर के द्वारा जनवरी 2024 के अंक को भगवान श्री राम और उनके पूर्वजों पर समर्पित करते हुए अवधेश विशेषांक निकल गया है। देवपुत्र के इस अंक को विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के द्वारा प्रमोट किया गया है।




यह जानकारी देते हुए संस्थान के प्रचार प्रमुख संस्कार श्रीवास्तव ने बताया कि 22 जनवरी 2024 भारत के महान सांस्कृतिक इतिहास का महत्वपूर्ण दिवस होगा। इस दिन पवित्र पुरियों में पहली पुरी अयोध्या में 500 वर्षों के संघर्ष के बाद बहुत बलिदान के बाद श्री रामलला अति भव्य मंदिर में फिर से स्थापित होंगे। बाबर की आज्ञा से तोड़ दिए गए भगवान श्रीराम के प्राचीन मंदिर को विश्व भर के राम भक्तों की आस्था पर चोट करते हुए विध्वंस होने के कलंक को धोने का यह महान अवसर होगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर देवपुत्र का यह विशेष अंक भगवान श्री राम और उनके पूर्वज कुछ महाप्रतापीय अयोध्या नरेशों के संक्षिप्त परिचय पर केंद्रित रखा गया है। इसलिए देवपुत्र के इस अतिमहत्वपूर्ण अंक को सहेज कर सुरक्षित रखा जा सकता है। जिससे बच्चों को भगवान राम के संबंध में रोचक प्रेरक जानकारी दी जा सके। उन्होंने बताया कि इस अंक में यह सब पौराणिक कथाएं हैं। भारतीय संस्कृति में इतिहास को पुराने के माध्यम से प्रस्तुत करने की परंपरा रही है। अत्यंत रोचक होने से पुराण कथाएं बाल साहित्य की भी एक महत्वपूर्ण विधा है। यह कथाएं रहस्य रोमांच ही नहीं तो हमारे मन में जीवन मूल्य की स्थापना करती हैं। इस अंक की कथाएं भी सत्य त्याग शौर्य दानशीलता आज्ञाकारिता आदि श्रेष्ठ जीवन के लिए आवश्यक गुना का बोध कराती हैं। इच्छुक व्यक्ति इस अंक को प्राप्त करने के लिए निकटस्थ सरस्वती शिशु मंदिर में भी संपर्क कर सकते हैं।

# जिंदल आदर्श भारती में वार्षिकोत्सव तरंग का आयोजन

**रायगढ़।** जिंदल आदर्श भारती स्कूल किरोडीमलनगर में वार्षिकोत्सव तरंग का भव्य आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम हाऊस वाईज विभिन्न विधाओं के कुल 25 कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न प्रांतों के भारतीय लोकनृत्य, भारतीय संस्कृति पर आधारित नृत्य नाटिकाओं सहित सामूहिक गान आदि का मंचन किया गया। छात्र-छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। 845 विद्यार्थियों नें इस कार्यक्रम में भाग लिया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेय गोयल आईएएस उपस्थित रहे। उनके द्वारा राज्यस्तरीय टाप - टेन सूची में आने वाले छात्र- छात्राओं को सम्मानित किया गया। विषयवार 100 अंक में 100 अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को एकेडमिक एवार्ड से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कार्तिकेय गोयल ने अपने उद्बोधन कहा कि यह विद्यालय टापर छात्रों का फैक्ट्री है, जिसमें हर वर्ष विद्यार्थी मेरिट सूची में अपना स्थान बनाकर पूरे प्रदेश में परचम लहराते हैं।

साथ ही कहा कि वर्तमान समय में विद्यालय केवल पठन-पाठन संबंधित गतिविधियों का अयोजन ही नहीं होता वरन छात्रों के बहुमुखी विकास के लिए अनेक संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम से विद्यार्थी का अपनी संस्कृति से जुड़ाव सुनिश्चित होता है। छात्र समाज व विभिन्न संस्कृतियों से परिचित होते हैं। वहीं समाज में सांस्कृतिक गतिविधियों से आपसी समन्वय बढ़ता है। ये गतिविधियां छात्रों के दिमाग को जागृत करने व मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को बढ़ाने में मदद करती है। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक गतिविधियों से रचनात्मक सम्बन्धी गुणों का विकास होता है। विद्यालय के चेयरमेन विजय कुमार अग्रवाल ने वार्षिकोत्सव पर अपने अमूल्य विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियाँ गैर शैक्षणिक गतिविधियाँ है जो छात्रों को उनकी रूचियों को पता लगाने और सौंदर्य, कलात्मक, ऐतिहासिक, बौद्धिक या समाजिक रूप से विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। उन्होने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन भविष्य का निर्माता है अतः समय का सदुपयोग करें व उज्जवल भविष्य हेतु भरसक मेहनत करें।

क्रमांक ..146/ 2023 प्रकरण क्रमांक 108अ / 2022
पेशी तिथि :- 07/02/2024

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, श्रृंखला कुटुम्ब न्यायालय सक्ती, जिला - सक्ती (छ.ग.)**

प्रति,

रमेश मैत्री, उम्र 28 साल, पिता स्व0 गोसाई राम मैत्री, जाति - मौवार, निवासी ग्राम - भीनोदा, थाना व तहसील सरसींवा, जिला - सारंगढ - बिलाईगढ (छ.ग.)

इस न्यायालय में आवेदिका श्रीमती प्रियंका मैत्री की ओर से माननीय न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश श्रृंखला कुटुम्ब न्यायालय सक्ती में एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 13 (क) हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 वास्ते विवाह विच्छेद की डिक्री प्रदान किये जाने बाबत आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया है। जिसमें आप अनावेदक के रूप में संयोजित हैं। इस प्रकरण में सुनवाई दिनांक 07/02/2024 को सुबह 11.00 बजे न्यायालय में आप स्वयं उपस्थित रहें या अपने किसी अभिकर्ता / न्यायमित्र के साथ उपस्थित रहें, जिन्हें उपरोक्त प्रकरण की सम्यक जानकारी हो, जो आपके सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। यदि आप पेशी दिनांक 07/02/2024 को अनुपस्थित रहते हैं तब आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जाकर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

नोट :- यदि किसी कारणवश उपरोक्त सुनवाई दिनांक 07/02/2024 को सार्वजनिक अवकाश होने पर अथवा पीठासीन अधिकारी के अवकाश में होने पर कार्य स्थगित होने पर उक्त प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्यदिवस में की जाएगी।

अतः आज दिनांक 13.12.23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**राजेन्द्र कुमार वर्मा**
**प्रधान न्यायाधीश श्रृंखला कुटुम्ब न्यायालय, सक्ती, जिला- सक्ती (छ.ग.)**




# आवश्यक वस्तुओं के आपूर्ति हेतु दल गठित

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर आवश्यक वस्तुओं की सतत आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए आवश्यक वस्तुओं के निर्बाध रूप से आपूर्ति निगरानी हेतु जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, खाद्य विभाग, परिवहन विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का दल गठन किया गया है। गठित दल में रायगढ़ शहरी क्षेत्र में आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़ सुनील कुमार चंद्रवंशी, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय, तहसीलदार लोमस मिरी, सहायक खाद्य अधिकारी रायगढ़ श्रीमती राबिया खानए खाद्य निरीक्षक रायगढ़ चुड़ामणी सिदार एवं मंडी सचिव बीआर नायकक को शामिल किया गया है। इसी तरह रायगढ़ पुसौर ग्रामीण क्षेत्र में एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, अतिरिक्त तहसीलदार श्रीमती नेहा उपाध्याय, तहसीलदार पुसौर शिवम पाण्डेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं को दायित्व सौंपा है।

